## एक नजर में

### एडब्ल्यूएस ने सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में नई एआई पद्धति पेश की

इंदौर. एडब्ल्यूएस ने जनरेटिव एआई का उपयोग करके सॉफ्टवेयर डेवलप करने की एक नई विधि पेश की है, जिसका अनावरण बैंगलुरु में आयोजित एडब्ल्यूएस देव स्फीयर 2025 ईवेंट में किया गया. एआई-संचालित डेवलपमेंट लाईफसायकल पद्धति एजेंटिक एआइ के वीपी, स्वामी शिवसुब्रमण्यम द्वारा पेश की गई. इस पद्धति में सॉफ्टवेयर का विकास एआई की मदद से किया जाता है. इस पद्धति के साथ उन्होंने एडब्ल्यूएस एआइ-नेटिव बिल्डर्स कम्युनिटी भी लॉन्च की. यह टेक्नोलॉजी लीडर्स का एक पीयर-टू-पीयर नेटवर्क है, जो नई खोज को साझा करने, कमियों को दूर करने तथा एआई-नेटिव परिवर्तन में तेजी लाने के लिए शुरू किया गया है.

### न्यू इंडिया फाउंडेशन ने अनुवाद फेलोशिप के लिए आमंत्रित किए

इंदौर. न्यू इंडिया फाउंडेशन ने 2025 सत्र के लिए अपनी ट्रांसलेशन फेलोशिप के तीसरे चरण की घोषणा कर दी है. इसके तहत देशभर के अनुवादकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. आवेदन 1 अगस्त से शुरू होंगे और 31 दिसंबर तक स्वीकार किए जाएंगे. न्यू इंडिया फाउंडेशन के ट्रस्टी श्रीनाथ राघवन ने कहा भारत का इतिहास सिर्फ स्मारकों या संग्रहालयों में नहीं, बल्कि उन पुस्तकों में भी जीवित है, जो देश की अनेक भाषाओं में लिखी गई हैं. इन कृतियों में विचारकों, समाज सुधारकों, यात्रियों और आम नागरिकों की आवाज़ें दर्ज हैं—जिन्होंने राष्ट्र को देखने और समझने का नजरिया गढ़ा है. दुर्भाग्यवश, इन ग्रंथों को आज भी बहुत कम लोग पढ़ पाए हैं क्योंकि इनका अनुवाद अब तक नहीं हुआ. ट्रांसलेशन फेलोशिप के ज़रिए हम इन्हें नया जीवन देना चाहते हैं.

### फोनपे ने लॉन्च किया ऑफलाइन पार्टनर प्रोग्राम

इंदौर. फोनपे ने अपना 'ऑफलाइन पार्टनर प्रोग्राम' लॉन्च किया है. यह एक रणनीतिक पहल है, जिसका उद्देश्य सर्विस प्रोवाइडर्स के माध्यम से भारत के मर्चेंट ईकोसिस्टम को मजबूत बनाना है। इस प्रोग्राम के तहत पॉइंट ऑफ़ सेल बिलिंग सॉफ़्टवेयर, एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सॉफ़्टवेयर, वेंडिंग मशीनें और सेल्फ-सर्विंग कियोस्क जैसी सेवाएं देने वाले सर्विस प्रोवाइडर्स अपने क्लाइंट्स को फोनपे के इंटीग्रेटेड सॉल्यूशंस के लिए रेफर कर सकते हैं और कस्टमाइज़ कमीशन प्राप्त कर सकते हैं. इस प्रोग्राम से जुड़ने वाले सर्विस प्रोवाइडर (पार्टनर्स), अपने मर्चेंट्स (क्लाइंट्स) को पूरी बिलिंग और इंटीग्रेटेड पेमेंट सॉल्यूशन दे पाएंगे. यह सुविधा मर्चेंट्स के लिए पेमेंट मैनेजमेंट को बेहद आसान बनाएगी, जिससे उनके स्टोर का रोजमर्रा काम आसानी से चलता रहेगा।

### ज़ी टीवी लेकर आया राहत की बरसात

इंदौर. ज़ी टीवी ने अपनी नई ब्रांड फिलॉसफ़ी 'आपका अपना ज़ी टीवी' के ज़रिए इन अनुभवों को गहराई से महसूस किया है. इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए ज़ी टीवी ने मुंबई, दिल्ली और लखनऊ की सड़कों पर एक अनोखी पहल शुरू की - महिलाओं और रोज़ाना कमाने वाले मज़दूरों को सिर्फ़ 2 रुपए में रेनकोट्स उपलब्ध कराना. यह सिर्फ रेनकोट्स बांटने की पहल नहीं थी, बल्कि सहानुभूति और सम्मान का संदेश था यानी ज़रूरी चीज़ को सभी की पहुंच में बनाना और उन्हें आत्मसम्मान का एहसास कराना. ज़ी टीवी के चीफ चैनल ऑफ़िसर मंगेश कुलकर्णी ने कहा ज़ी टीवी में हमारा मानना है कि मनोरंजन दर्शकों से जुड़ने का सिर्फ एक ज़रिया है. 2 रुपए में रेनकोट देने की यह पहल हमारे इसी अपनत्व को दर्शाती है. इसके ज़रिए हम सिर्फ कहानियां नहीं सुना रहे, बल्कि अपने मूल्यों को जी रहे हैं.

### अचानक बरसात ने जगाया रोमांटिक सीन में जादू

इंदौर. कभी-कभी स्क्रीन पर सबसे यादगार पल वही होते हैं जो पूरी तरह प्लान नहीं किए जाते - और 'कुमकुम भाग्य' का आने वाला रेन डांस सीक्वेंस इसकी एक परफेक्ट मिसाल है। हालांकि बारिश वाला डांस सीन पहले से कहानी का हिस्सा था, लेकिन इसे ख़ास बना दिया उस पल ने जब शूटिंग के दौरान अचानक मुंबई की असली बारिश ने दस्तक दी. टीम ने उस बारिश को खुले दिल से अपनाया और इसी वजह से सीन में एक ऐसा अनस्क्रिप्टेड जादू जुड़ गया जो पहले प्लान नहीं था। अचानक हुई बारिश सीन के मूड में इस तरह घुल गई कि हर फ्रेम और भी सच्चा, रोमांटिक और सिनेमैटिक लगने लगा - ऐसा एहसास जो किसी भी स्पेशल इफेक्ट से नहीं आ सकता था. प्रणाली राठौड़ और नमिक पॉल ने इस रेन सीन में अपनी परफॉर्मेंस से जान डाल दी.

# दीपावली तक हर सड़क दुरुस्त हो : महापौर

- अधिकारियों को दिए निर्देश
- निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा बैठक

नव भारत न्यूज

**इंदौर. दीपावली तक शहर की सभी सड़कों का निर्माण और पेंचवर्क पूर्ण कर लिया जाएं। मास्टर प्लान की सड़कों पर नियम विरुद्ध नक्शे पास करने वाले अधिकारियों पर आयुक्त को कारवाई करने के लिए निर्णय लिया गया है. बारिश में डामर सड़कों के खराब होने पर ठेकदार कंपनियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारवाई करने का कहा है।**




आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शहर की सड़कों को सिटी बस कार्यालय में नगर निगम अधिकारियों एवं ठेकेदारों के साथ सिटी बस कार्यालय में बैठक की. बैठक में महापौर ने निर्देश दिए कि 25 अक्टूबर तक शहर एवं आस-पास की सभी सड़कों का निर्माण कार्य एवं पेंचवर्क अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए. महापौर ने कहा कि शहर की 23 प्रमुख मास्टर प्लान की सड़कों पर चार पैकेज में काम शुरू हो चुका है. सड़कों के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं. साथ ही अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग परस्पर समन्वय और तय समय-सीमा में काम पूरा करवाएं. बैठक में जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे.

### शहरवासियों की सुविधा हमारी प्राथमिकता

महापौर ने कहा कि शहर में जहां भी निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहां निर्माण से संबित जानकारी एवं सूचना का बोर्ड लगाकर नागरिकों को जानकारी दी जाए. बारिश के कारण हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षरण की मरम्मत मानसून उपरांत तेज़ी से की जाएगी. महापौर ने यह बात दोहराई कि सड़क सुरक्षा और गुणवत्ता हमारी जिम्मेदारी है. शहरवासियों को सुविधा मिले यह हमारी प्राथमिकता है.

### कार्रवाई के निर्देश

बारिश में खराब हो रही डामर सड़कों की मरम्मत का जिम्मा जिन एजेंसियों को था, उनके लापरवाह रवैये पर महापौर ने नाराजगी जाहिर की. ऐसी एजेंसियों पर कार्यवाही का आदेश दिया. महापौर ने कहा कि जिन ठेकेदारों ने कार्य करने के बाद पेंचवर्क नहीं किया, उनसे न केवल जवाब तलब किया जाएगा बल्कि कार्यवाही कर दोबारा उन्हीं से कार्य पूर्ण करवाया जाएगा. मास्टर प्लान की सड़कों पर नियम विरुद्ध नक्शे पास करने वाले अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई की बात कही. उपरोक्त विषय में महापौर ने कमिश्नर को संज्ञान में लाकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का कहा है।

# मूर्ति निर्माण में पीओपी और रासायनिक कलर उपयोग प्रतिबंधित

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** आने वाले दिनों में त्यौहारों को लेकर प्रशासन ने प्रतिमा निर्माण लगने में रासायनिक और पीओपी का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है. साथ ही मूर्ति निर्माताओं से पहल निर्माण के गई मूर्तियों के जानकारी भी मांगी है. मूर्ति बनाने वाले कारीगरों और निर्माताओं को कहा है कि केमिकल मिट्टी से मूर्ति निर्माण करने पर कारवाई होगी.

आज कलेक्टर कार्यालय में शहर मूर्ति बनाने वाले कारीगरों और निर्माताओं की बैठक रखी गई थी. बैठक में एडीएम ने सभी को प्लास्टर ऑफ पेरिस और रासायनिक कलर का उपयोग करने पर प्रतिबद्ध लगाने की जानकारी दी. साथ ही मूर्तिकारों को कहा गया कि आदेश के पहले कितनी मूर्ति प्लास्टर ऑफ पेरिस और रासायनिक कलर का उपयोग करके बनाई है, उसकी जानकारी दें. बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर एडीएम रोशन राय ने मूर्तिकारों को कहा कि मूर्ति निर्माण में किसी तरह के केमिकल और प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग नहीं करे. साथ हिदायत दी कि यदि पीओपी और रासायनिक कलर का उपयोग किया तो मूर्ति नष्ट और आपके खिलाफ वैधानिक कारवाई की जाएगी. यदि कहीं मूर्तिकारों द्वारा पूर्व में मूर्तियां निर्मित कर ली गई हो तो परंपरागत मिट्टी छोड़कर अन्य पदार्थ जैसे पीओपी व अन्य रासायनिक पदार्थों से पूर्व से निर्मित कर ली गई प्रतिमाओं के वर्तमान स्टॉक की जानकारी लिखित में प्रस्तुत करें। इसके अतिरिक्त इस प्रकार की नई प्रतिमाओं के निर्माण को प्रतिबंधित किया गया है। स्थानीय निकाय द्वारा इस संबंध में सत्यापन किया जायेगा।

### टीसीआई ने पहली तिमाही के परिणाम घोषित किए

इंदौर. ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने 30 जून को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की.

वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में टीसीआई ने 11,506 मिलियन रुपए का समेकित राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 10,560 मिलियन रुपए की तुलना में 9% की वृद्धि दर्शाता है. कंपनी का शुद्ध लाभ 1,072 मिलियन रहा, जो पिछले वर्ष के 916 मिलियन की तुलना में 17% की वृद्धि है. टीसीआई के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल ने परिणामों पर कहा वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में हमने सशक्त प्रगति दर्ज की है, जो हमारे मल्टीमॉडल, वेयरहाउसिंग, थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स और कोल्ड चेन सेवाओं में निरंतर वृद्धि से फलिभूत हुई है. मिश्रित क्षेत्रीय एवम् बदलते वृहदआर्थिक परिदृश्य के बावजूद, हमारी एकीकृत सेवाएं और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण ने हमें परिचालन में गति प्रदान की है.

### कपिल को मिली राज्य रोमांस में सीट

इंदौर. कई मज़ेदार मेहमानों के आने के बाद और लगातार 6 हफ्तों तक नेटफ्लिक्स इंडिया की टॉप 10 लिस्ट में ट्रेंड कर रहे द ग्रेट इंडियन कपिल शो में इस शनिवार आ रहे हैं सभी के पसंदीदा अभिनेता/नेता (सेलिब्रिटी) जोड़ी- एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और उनके पति, सांसद राघव चड्ढा. एक मज़ेदार और दिल छू लेने वाला एपिसोड, जिसमें होगी जबरदस्त केमिस्ट्री, कॉमेडी और कपिल की मस्ती का तड़का. एपिसोड की शुरुआत होती है, जब राघव चड्ढा बिना चप्पल के सेट पर आते हैं. पता चलता है कि कृष्णा (मोना) और किकू (सोना) ने उनकी जूता-चुराई की शादी की रस्म पूरी की - चाहे नेता की जेब से चोरी क्यों न करनी पड़ी.

# लवकुश फ्लाई ओवर पर कंक्रीट भराव शुरू

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आईडीए लव कुश चौराहे पर बाणगंगा से उज्जैन रोड पर डेढ़ किलोमीटर लंबा ब्रिज का निर्माण रहा है. उक्त ब्रिज पर गर्डर में सीमेंट कांक्रीट भरने का काम शुरू हो गया है. आईडीए द्वारा यह कार्य रात को किया जा रहा है, ताकि दिन में व्यवस्थित यातायात चलता रहे. आईडीए द्वारा शहर में पहला डबल डेकर ब्रिज बनाया जा रहा है. उक्त ब्रिज की खासियत यह है कि नीचे से मेट्रो और मेट्रो के नीचे से आईडीए का एमआर 10 सड़क से सुपर कॉरिडोर जाने वाला ब्रिज है.**





डबल डेकर ब्रिज का मरीमाता तरफ का काम 85 प्रतिशत हो चुका है, वहीं अरविंदों हॉस्पिटल की तरफ का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है. कई गर्डर और मेट्रो के स्पान डाली जा चुकी है. बची गर्डर लांच करने के लिए पेडल स्टैंड तैयार किए जा चुके है. उक्त ब्रिज के चार स्पान में कुल 32 गर्डर डाली जाएगी. उक्त पूरे ब्रिज का लगभग 70 प्रतिशत काम हो गया है. गर्डर में सीमेंट कांक्रीट भरने का काम भी शुरू हो गया है. आईडीए लवकुश चौराहा पर 147 करोड़ रुपए की लागत 24 मीटर चौड़ा 6 लेन ब्रिज का निर्माण कर रहा है. उक्त ब्रिज का निर्माण कार्य दिसंबर में पूरा होने की संभावना है. आईडीए के सूत्रों के अनुसार डबल डेकर ब्रिज से जनवरी 2026 में आवागमन शुरू हो जाएगा. ब्रिज का निर्माण अहमदाबाद की विजय मिस्त्री कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही है. ब्रिज निर्माण कार्य पूरा करने का समय भी दिसंबर 2025 तय है.

### निर्माण में सतर्कता रखने के निर्देश

आईडीए सीईओ रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि कल रात से गर्डर में सीमेंट कांक्रीट भरने का काम शुरू हो गया है. आज सुबह ब्रिज का मौका मुआयना किया और निर्माण में सतर्कता रखने के निर्देश दिए. साथ ही यातायात को लेकर जनता को परेशानी नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखने का भी कहा है.


